कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, आदित्यपुर
(Email: eedwsd.adityapur@gmail.com)

पत्रांक: 190 / आदित्यपुर

दिनांक: 08 / 02 /2025

प्रेषक,

श्री सुमित कुमार,
कार्यपालक अभियंता (प्र०),
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, आदित्यपुर।

सेवा में,

मेसर्स जेमिनी एंटरप्राइजेज,
बिरसानगर, जमशेदपुर, झारखंड।
ईमेल: geminienterprises549@gmail.com

विषय : मानगो शहरी जलापूर्ति योजना पुनर्गठन कार्य (चरण-2 ,पार्ट-बी) के अंतर्गत टैंक रोड जंक्शन पर 350 मिमी व्यास का वाल्व अधिष्ठापन के संबंध में।

प्रसंग : कार्यादेश संख्या 4198, दिनांक: 14/09/2017 एवं एकरारनामा संख्या SBD-1/2017-18, दिनांक: 21/09/2017।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक एकरारनामा के संदर्भ में सूचित करना है कि माननीय विधायक श्री सरयू राय जी द्वारा दिनांक 27 जनवरी 2025 को पृथ्वी पार्क स्थित जलमीनार (क्षमता 24 लाख लीटर) का लोकार्पण किया गया। इस जलमीनार के माध्यम से पोस्ट ऑफिस रोड, गुरुद्वारा रोड, चटाई कॉलोनी एवं कृष्णा नगर इत्यादि क्षेत्रों में जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है।

परीक्षण के दौरान यह प्रकाश में आया है कि उक्त क्षेत्रों के उच्च भू-भाग में जलापूर्ति अपर्याप्त है। तकनीकी निरीक्षण में पाया गया कि टैंक रोड जंक्शन पर स्थित वितरण प्रणाली से जल उलिडीह क्षेत्र की ओर प्रवाहित हो रहा है, जो टैंक रोड के उच्च भाग में स्थित है।

अतः आवश्यक है कि टैंक रोड जंक्शन पर 350 मिमी व्यास का वाल्व अधिष्ठापित किया जाए, जिससे जल प्रवाह को नियंत्रित कर लक्षित क्षेत्रों में समुचित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

कृपया अविलंब आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त वाल्व की अधिष्ठापन सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन,

Sumit Kumar 8.2.25

(सुमित कुमार),
कार्यपालक अभियंता (प्र०),
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, आदित्यपुर।